हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025

04 मेडिकल कॉलेज से बदलेगी बैतूल की तस्वीर...



08 कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं





### पुलिस अधीक्षक बोले अब चक्काजाम करने वालों की करेंगे निगरानी

# खुलासा: शुभम को गले-सिर पर मारा बका, करन को रेलवे ट्रेक पर लिटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/माखननगर

तिहरे हत्याकांड की सजा काट चुका आरोपी ने अपना आपा खोकर दो ओर हत्या कर डाली, उसका साथ भी 20 साल की सजा काट रहे अपील पर बाहर आए उसके साथी और अन्य आरोपियों ने दिया। दरअसल ग्राम मनवाड़ा के दो युवकों, शुभम कीर और करन कीर की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी केवलराम कीर सहित उसके पांच साथियों को गिरफ्तार किया है। 17 दिसंबर 2025 की रात शुभम 27 वर्ष और करन 25 वर्ष आरोपी केवलराम के घर पहुंचे थे। वहां शराब के नशे में उनमें गाली-गलौज और विवाद हुआ।

इस बीच में विवाद इतना बढ़ा कि केवलराम ने शुभम के सिर पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। वहीं करन के साथ अन्य आरोपियों ने खेत में ले जाकर मारपीट की थी। सोमवार को जगहन्य हत्याकांड का खुलासा पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने किया।

**मुख्य बिन्दु**

- गाली-गलौच की बात पर दिया अंजाम
- अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर की हत्या
- शुभम की गले व सिर में बका मार की थी हत्या

पुलिस ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में दोहरे हत्याकाण्ड का खुलासा किया।

### पुलिस का एक्शन प्लान तैयार

1- हिस्ट्रीशीटर रडार पर : पिछले 5 सालों में चक्काजाम के मास्टरमाइंड रहे लोगों की लिस्ट तैयार है।

2- तीसरी आंख का पहरा : पत्थरबाजी या नारेबाजी करने वाले को वीडियो के जरिए पहचान कर सीधे एफआईआर में नामजद किया जाएगा।

3- दंगा नियंत्रण दस्ता मुस्तैद : पुलिस केवल लाठी लेकर नहीं, बल्कि बलवा सामग्री और भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचेगी।

### 20-25 किलोमीटर दूर अलग-अलग हत्या

शराब के नशे में धुत मुख्य आरोपी ने अपने साथियों की मदद से दोनों युवकों को एक ऑटो में डाला और अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर उनकी हत्या की। शुभम कीर को आरोपियों ने बागरा तवा के जंगल में ले जाकर धारदार हथियार बके से मौत के घाट उतारा जबकि करन को बेहोशी की हालत में सोहागपुर के पास बांसाखापा रेलवे ट्रैक पर लिटा दिया, ताकि उसकी मौत एक ट्रेन दुर्घटना लगे। इन दोनों हत्याओं को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने मछली पार्टी की थी।

### एसपी बोले

विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन आम जनता का रास्ता रोकना अपराध है। एम्बुलेंस से लेकर स्कूल बस तक, किसी का भी रास्ता रोकने वालों के साथ पुलिस कोई नरमी नहीं बरतेगी।

**साईंकृष्ण एस थोटा, एसपी नर्मदापुरम**

### अपराधियों की गिरफ्तारी

पकड़े गए आरोपियों में केवलराम पहले ही एक तिहरे हत्याकांड में 20 साल की सजा काट चुका है। वहीं आरोपी दिनेश उर्फ दिन्नू भी हत्या के मामले में सजायाफ्ता है और वर्तमान में अपील पर बाहर था। पुलिस ने इनके पास से हत्या में प्रयुक्त ऑटो, बका, डंडे और 5 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने सोहागपुर के एक ढाबे पर मछली पार्टी भी की थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले का त्वरित खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### गुमराह करने रेत कंपनी पर इल्जाम लगाया

मुख्य आरोपी केवलराम ने खुद को बचाने के लिए मृतक के परिजनों को गुमराह किया। उसने कहानी रची कि रेत कंपनी के कर्मचारियों ने युवकों के साथ मारपीट की है, जिसके कारण कीर समाज ने तवा पुल पर चक्का जाम भी किया था। हालांकि, पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरों की जांच की, तो केवलराम के बयानों में विरोधाभास पाया गया और सच सामने आ गया। इस हत्याकांड का खुलासा सोहागपुर और माखननगर पुलिस ने किया। जिसमें टीआई ऊषा मरावी सोहागपुर, टीआई अनूप कुमार उइके माखननगर, उनि अशोक बरबड़े, उनि आकाश पचाया सहित अन्य की भूमिका रही।

### पचमढ़ी महोत्सव 2025 का 26 से होगा आगाज

# गणेश वंदना, आर्केस्ट्रा, नृत्य और रंगारंग कार्यक्रम होंगे आकर्षण

### चार दिवसीय कार्यक्रम 29 दिसंबर तक चलेंगे , पर्यटक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में पचमढ़ी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ओर साडा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।




यह आयोजन 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मनोरंजन के होंगे सभी कार्यक्रम वॉलीवुड सिंगर टीवी में चल रहे विभिन्न सीरियलों सारेगामा, इंडियन आइडियल के कलाकार हास्य/मिमिक्री कलाकार, मैजिशियन, डांस ग्रुप, एवं आर्मी बेंड पचमढ़ी की होगी आकर्षक एवं अन्य प्रस्तुति दी जाएंगी साथ ही होगा भव्य कार्निवाल से से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ। कार्निवाल का शुभारंभ सीएमराइस स्कूल ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर में घुमाकर वापस से पचमढ़ी महोत्सव ग्राउंड पर ही समाप्त होगा। इस कार्निवाल में शिव बारात, क्रिसमस, आदिवासी नृत्य, प्रस्तुति एवं अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अलावा पचमढ़ी के प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुति दी जाएगी।

**यह होंगे कार्यक्रम**

- 26 दिसंबर उद्घाटन समारोह गणेश वंदना, ऑर्केस्ट्रा संगीतकारों की टीम द्वारा बॉलीवुड नृत्य प्रदर्शन वैशाली रैकवार, अखिलेश तिवारी, जतिन श्रॉफ और शिवम द्वारा नए पुराने गानों की प्रस्तुति दी जाएगी
- 27 दिसंबर आर्मी बैंड की शानदार प्रस्तुति ऑर्केस्ट्रा संगीतकारों की टीम द्वारा बॉलीवुड नृत्य प्रदर्शन एवं स्टैंडअप कॉमेडी और मैजिशियन गायिका पूजा ठाकरे द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी

### सरपंच संघ ने नल जल योजना के गुणवत्ताहीन अपूर्ण कामों के जांच की मांग की




**माखन नगर।** जनपद पंचायत माखन नगर की ग्राम पंचायत के सरपंचों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत माखन नगर को ज्ञापन सौंप कर नल जल योजना में अपूर्ण एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है। सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा ने बताया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में नल जल योजना का कार्य किया जा रहा है यह कार्य अपूर्ण एवं गुणवत्ताहीन है और ग्राम पंचायत में 8 से 10 माह से कार्य बंद पड़े हुए हैं शासन की महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से ग्रामवासी एवं आम जन वंचित है ग्राम का विकास रुका हुआ है सरपंचो ने नल जल योजना के कार्यों की जांच करने एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की मांग की है ज्ञापन पर जनपद क्षेत्र की पंचायत के सरपंच विशाल मालवीय, उमराव सिंह यादव ,प्रताप यादव, शांति बाई कीर, रामवती उईके, रुखसार खान, देवकी यादव, आरती यादव ,सरोज मीणा, सरोज कीर, उषा सनारे शशि लता, ममता बाई ,गजराज सिंह राजपूत, गुलाब सिंह आदि सरपंच शामिल रहे।

## नर्मदा परिक्रमा के दौरान भक्त ने दिखाई ईमानदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा से 18 दिसंबर को नर्मदा परिक्रमा पर निकले नर्मदा भक्त जगदीश गुर्जर (मुंशी जी) ने यात्रा के दौरान ईमानदारी की सराहनीय मिसाल पेश की। परिक्रमा के दौरान छोटा उदयपुरा (गुजरात) में उन्हें एक पर्स मिला, जिसमें लगभग पाँच हजार रुपये नकद एवं कुछ महत्वपूर्ण कार्ड मौजूद थे।

पर्स मिलने के बाद नर्मदा भक्त जगदीश गुर्जर ने अपनी पत्नी कुसुम गुर्जर तथा साथी सचिन लोवंशी और उनकी पत्नी क्षमा के साथ तुरंत स्थानीय महिला थाना पहुँचकर पुलिस को पर्स से संबंधित पूरी जानकारी दी।

महिला थाना में पदस्थ महिला पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और पर्स के मालिक की तलाश शुरू की। पुलिस की सक्रियता से मात्र 15 मिनट में पर्स के वास्तविक मालिक को थाने बुलाया गया, जहाँ नर्मदा भक्त जगदीश गुर्जर के हाथों ही पर्स सुरक्षित रूप से लौटाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने नर्मदा भक्तों की ईमानदारी की प्रशंसा की।

## अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न, धर्मेंद्र अध्यक्ष हुए निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विधानसभा क्षेत्र के अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न हुए जिसमें लगभग 244 मतदाता है । अध्यक्ष पद के लिए कमलेश पुरवइया रजनीश शर्मा शकुंतला मौर्य धर्मेंद्र नागवंशी प्रत्याशी रहे उपाध्यक्ष के लिए 4 प्रत्याशी रहे सचिव के लिए 2प्रतयाशी सह सचिव पद हेतु 2 कोषाध्यक्ष पद हेतु 2 ग्रंथपाल हेतु 2 प्रतयाशी मैदान में उतारा गया था। 230 मतदाता ने अपने मताधिकार का उपयोग करके अध्यक्ष पद पर कांग्रेस कार्यसमिति में जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार नागवंशी 87 मतो से विजय रहे। कमलेश पुरवइया को 46रजनीश शर्मा को 59 शकुंतला मौर्य को 33मत मिले तथा नोटा को भी4मत मिले। उपाध्यक्ष में शरद दुबे दी 80मतो से विजय रहे।संजय दुबे को 72 किशोर डाबर को 55मकरन सिंह अहिरवार को 14बोट मिले लेकिन शरद दुबेदी के साथ समस्त युवक कांग्रेस लायंस क्लब के पदाधिकारी केद्वारा समर्थन किया गया। सचिव पद पर वेद प्रकाश भार्गव 140बोट से विजय रहे, जितेन्द्र तिवारी को 86बोट तथा 3नोटा कोमिले।सह सचिव पद पर राजेश रजक 162मतो से विजय रहे। मोहन कुशवाहा को 64बोट तथा नोटा को 3मिले। कोषाध्यक्ष पद पर ब्रजेश पटेल 163मत से विजय रहे अमित शर्मा को 66तथा नोटा को 1बोट मिला। ग्रंथपाल हेतु भूपेंद्र साहु 121मतो से विजय रहे धर्मेंद्र भार्गव को 101बोट 86बोट नोटा को मिले। तथा अन्य 10सदसय भी निर्वाचन में विजई रहे। आने वाले दिनों में सरपंच विधायक के चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कमेटी से राजा पलिया भी प्रयास कर रहे हैं। अतः कमेटी ने जो पदाधिकारियों की घोषणा की है। उसमें भी राजा पलिया के समर्थक हैं। अधिवक्ता संघ में भी अध्यक्ष एवं अन्य भी राजापलिया के समर्थक माने जा रहे हैं। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संघ के भगवंत सिंह पटेल,वी,पी, पचौरी समिति में शामिल हुए थे। सभी को शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा रहा।

## कमिश्नर ने समय सीमा की बैठक में विभागों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नरी कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुशासन सप्ताह के अंतर्गत अपनी विभागीय उत्कृष्ट गतिविधियां पोर्टल पर अपलोड करें। कमिश्नर ने कहा कि 25 दिसंबर तक सभी विभाग अपनी उत्कृष्ट गतिविधियां अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

कमिश्नर श्री तिवारी ने बताया कि 25 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ग्वालियर में अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट के तहत करोड़ों के औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। नर्मदापुरम जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का भी भूमि पूजन इस दौरान किया जाएगा।

प्रदेश के हर संभाग में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कमिश्नर ने 17 अक्टूबर से प्रारंभ हुई दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण की अदयतन स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि अभियान 30 दिसंबर तक चलेगा।

## भव्यता से मनेगा मां नर्मदा का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से लगेगा श्रीरामजी बाबा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को नगरपालिका परिषद का विशेष सम्मेलन नपा के कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें मां नर्मदा प्रकटोत्सव भव्यता से मनाए जाने एवं पूर्व की तरह श्रीरामजीबाबा मेले का आयोजन किए जाने को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय हुए। इस विषय को सभी सभापति और पार्षदगणों द्वारा मेज थपथपाकर पारित किया गया। नगर की स्ट्रीट लाइटें आटो कट से जलेंगी और बंद होंगी। जिससे बिजली के बिल में लाखों की बचत होगी। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपा का विशेष सम्मेलन नपाध्यक्ष नीतू यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया, सभापतिगण, पार्षदगण एवं नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री सोनी ने बताया कि इस विशेष सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष श्री राजोरिया द्वारा सफाई और पेयजल संबंधी विषय पर अपनी बात रखी गई। वहीं पार्षद राहुल गौर द्वारा वार्ड में कचरा वाहन न आने की शिकायत की। शिकायत का उत्तर देते हुए उपयंत्री ने बताया कि वाहन सुधर चुके हैं। जल्द इस समस्या का समाधान हो जाएगा। पार्षद बंटी परिहार द्वारा कालोनियों में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था के विषय पर अपनी बात रखी।

## कलेक्टर ने 99 आवेदनकर्ताओं की समस्या का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर सोनिया मीना ने आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया। कलेक्टर मीना ने प्राप्त आवेदनों पर तत्परता से विचार करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए कुल 99 आवेदनों का समाधान किया गया। कलेक्टर ने आवेदनकर्ताओं की समस्या के समाधान के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर समस्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रम विभाग ने श्रमिक को 30 हज़ार मजदूरी का भुगतान करवाया। जनसुनवाई में दीपक वर्मा द्वारा मजदूरी उपलब्ध करवाने के संबंध में दिये गए आवेदन पर सुनवाई करते कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आवेदक को संबंधित को मजदूरी का भुगतान करवाया गया। शासकीय मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या का किया गया समाधान जनसुनवाई में कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नपा की लाइनिंग के अंदर व्यवसाय करने की दी समझाईश, दो पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नगरपालिका के अतिक्रमण दस्ता द्वारा प्रतिदिन सड़क मार्ग पर ठेले लगाकर व्यवसाय करने वालों को हटाया जा रहा है। साथ ही उन पर जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा नेहरू पार्क स्थित चौपाटी का निरीक्षण किया गया। सड़क किनारे 10 फिट बाहर आने पर दुकानदारों को सख्त हिदायती दी तथा उन्होंने चौपाटी पर आज लाइनिंग कराई गई। साथ ही लाइनिंग का पालन न करने पर सामग्री जब्ती और जुर्माने के निर्देश दिए। अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा आवागमन प्रभावित कर व्यवसाय कर रहे लोगों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिसके पालन में प्रतिदिन आवागमन प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। सुनील राजपूत ने बताया कि मंगलवा को दो अलग अलग स्थानों पर 500-500 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही समझाइश दी गई कि किसी भी तरह से आवागमन प्रभावित किया तो सामग्री जब्त की जाएगी और जुर्माना होगा। फल एवं सब्जी विक्रेता अपने निर्धारित स्थान पर ही व्यवसाय करें।

## पिपरिया उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम तृप्ति शर्मा प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के मार्गदर्शन में उपजेल पिपरिया में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण समिति पिपरिया के द्वारा बंदियों को बताया गया कि जो भी व्यक्ति अपने प्रकरण में स्वयं के व्यय पर अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं है। ऐसे बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किए जाते हैं जो उनके प्रकरणों में निशुल्क पैरवी करते हैं। अतः जो बन्दी अपने प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं है।वह जेलर मनीष पवार को आवेदन देकर उनके माध्यम से विधिके सेवा का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में बंदीयो से उनके प्रकरणों की जानकारी ली।

### वेतन विसंगतियों को लेकर नप कर्मियों की हड़ताल पुनः प्रारंभ

## वर्ष में तीसरी बार शहर को करना पड़ रहा है नप सफाई कर्मियों की हड़ताल का सामना, सफाई पर होगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वेतन विसंगतियों को लेकर मंगलवार से हड़ताल प्रारंभ की है। जिसके चलते शहर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि नप जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उनकी मांगों की पूर्ति नहीं कर रहे हैं।

सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने 19 दिसंबर 2025 को सीएमओ नगर परिषद को मांग पत्र सौंपा था। जिसके अनुसार प्रतिमाह मासिक वेतन 10 तारीख तक किया जाए, सफाई कर्मियों के वेतन से काटे जा रहे पीएफ फंड की पूर्ण जानकारी दी जाए, 14 माह का एरियर प्रदान किया जाए, वेतन के साथ काटी गई एरियर राशि वेतन में ही वापस की जाए एवं शासन द्वारा घोषित सफाई कर्मियों को मिले वेतन वृद्धि के लाभ दिए जाएं।

यह मांग पत्र 19 दिसंबर को सौंपा गया था, जिसमें उल्लेख था कि मांग पूर्ति न होने पर 23 दिसंबर से हड़ताल शुरू की जाएगी। लेकिन मांग पूर्ति नहीं हुई, जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल प्रारंभ की है। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि जून 2025 से मात्र आश्वासन ही देते आ रहे हैं। पांच महीनों से अधिक समय आश्वासनों पर ही निकाल दिया गया है तथा मांगों की पूर्ति न होने पर मंगलवार से हड़ताल शुरू की जा रही है।

### जून 2025 में बनी थी सहमति



सोहागपुर नप सफाईकर्मियों ने एक सहमति पत्र दिखाया जो 23 जून 2025 का है। जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के हस्ताक्षर हैं। पत्र में सफाई कर्मियों की मांग है की प्रतिमाह 10 तारीख तक वेतन भुगतान किया जाए। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने सहमति दी है। सफाई कर्मियों की अगली मांग है कि वेतन से काटे जा रहे फंड की पूरी जानकारी दी जाए तथा 14 माह का एरियर दिया जाए। इस पर भी जनप्रतिनिधियों की सहमति से निर्णय है कि शासन से अनुदान राशि स्वीकृति के लिए पत्र लिखा है व स्वीकृति उपरांत जीपीएफ व एनपीएस की राशि जमा की जाएगी। बाकी एरियर राशि भी स्वीकृति उपरांत दी जाएगी। सहमति पत्र में सफाई कर्मियों की अंतिम मांग है कि शासन के अनुसार वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। जनप्रतिनिधियों ने निर्णय पर सहमति दी है कि 23 जून 2025 को नियमित कर्मचारी का एचआरए 5% व महंगाई भत्ता 5% सहित सभी विनियमित, मासिक एवं सप्ताहिक कैटेगरी के कर्मचारियों का भुगतान नवीन दर से किया गया है। साप्ताहिक मस्टर कर्मचारियों को मासिक मस्टर पर करने की बात पर भी सहमति है। सेवानिवृत्त व मृत कर्मियों के अर्जित अवकाश की राशि का भुगतान पर निर्णय है कि पीआईसी की बैठक में चर्चाकर समस्या समाधान किया जाएगा। कर्मचारियों ने कहा की सहमति पत्र के निर्णय का पूर्ण पालन नहीं किया जा रहा है।

## स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नवाचार की कार्यशाला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत एक अभिनव योजना लॉन्च की गई वॉश एंड व्हील जिसके माध्यम से अब हुआ आसान स्वच्छता परिसरों एवं शौचालय की साफ सफाई ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद के सभा कक्ष में सेक्टर सेमरी हरचंद की 12 ग्राम पंचायत के 19 ग्रामों के सचिव सहायक सचिव महिला बाल विकास स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग के लिए एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया प्रशिक्षण में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की जिला समन्वयक प्रीति बरखडे बी सी भवानी गडरिया बी सी स्वदेश प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि अपने फोन में वॉश एंड व्हील एप डाउनलोड कर अपने स्वच्छता परिसर शौचालय की सफाई करवाए सेक्टर स्तर पर स्वच्छता साथियों की नियुक्ति भी की गई है स्वच्छता साथी आपकी स्वच्छता परिसरों शौचालय में बताएं स्थान पर सफाई करेंगे स्वच्छता साथियों के पास इलेक्ट्रिक एवं बैटरी से चलने वाली मशीन है जिससे कम पानी में बेहतर सफाई की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### तेंदुएं की आहट से नागरिकों में भय का माहौल



**शाहपुर।** मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम भौंरा के पास नेशनल हाईवे मार्ग पर शाम 5बजे के लगभग तेंदुए को राह चलते रहागीरों ने गाय का शिकार कर खाते हुए देखा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुर तहसील के अंतर्गत तेंदुए के आने की खबर और दिखाई देने से नागरिकों में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। पूर्व में भी लगभग सप्ताह भर पहले ग्राम टेकरीपुरा में भैंस की पडिय़ा का शिकार करके तेंदुआ ले गया था। वह एक सप्ताह से इसी क्षेत्र में बना हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह तेंदुआ जिसके गले में लोकेशन चिप लगा हुआ है। उसकी लोकेशन इसी क्षेत्र में बता रही है। हम उसे ढूंढ कर पकडऩे का प्रयास कर रहे हैं। आम जनता से अनुरोध है कि रात और दिन में अपने खेतों में आते जाते वक्त सतर्कता और सावधानी बरते।

### बाबा मठारदेव मेले में व्यवस्थाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सारनी।** उत्कल घासी समाज उत्थान समिति सारनी के पदाधिकारियों ने मकर संक्रांति पर्व पर मठारदेव बाबा की पहाड़ी पर लापरवाही न हो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारनी एव नगर पालिका अध्यक्ष के नाम ज्ञापन दिया। उत्कल घासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष रंजीत डोंगरे, सचिव निराकार सागर ने बताया कि विगत पिछले वर्ष उत्कल घासी समाज समिति के सदस्य समाजसेवी आल इंडिया फुटबॉल खिलाड़ी मप्रपाजक सारनी में कार्यरत कर्मचारी स्व. श्याम डोंगरे का मेले के 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन पहाड़ी चढ़ते समय आधे दूर में अचानक उनकी सांस फूलने घबराहट होने से हार्ट अटैक होने पर उनका निधन हो गया था। उस समय बीच पहाड़ी में ना ऑक्सीजन सिलेंडर की उचित व्यवस्था थी, ना ही मेडिकल कीट की। न ही डॉक्टर की कोई व्यवस्था थी और ना ही सुरक्षा के सहायता के कर्मचारी थे। उनको नीचे उतारने की स्ट्रेचर भी नहीं था न ही परमानेंट एम्बुलेंस थी अगर सही समय में सभी व्यवस्थाएं सुविधाएं मिल जाती तो हो सकता हैं शायद उनको बचाया जा सकता था। ऐसी घटना आने वाले समय में ना हो उससे निपटने के लिए उत्कल घासी समाज के सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों सदस्यों ने मांग की है। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बैतूल जिले की सारनी नगर पालिका के अधीन मठारदेव बाबा की पहाड़ी पर लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। इस वर्ष नगर पालिका द्वारा जनता की मांग को देखते हुए चुस्त दुरुस्त की जाए, ताकि मेले में आए श्रद्धालुओं की जान को कोई खतरा न हो।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने की घोषणा- मुलताई का नाम होगा मूलतापी

# मेडिकल कॉलेज से बदलेगी बैतूल की तस्वीर और तकदीर: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

## 383 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण








हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बैतूल में पीपीपी मोड पर बनने जा रहे मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम को जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने बैतूलवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मेडिकल कॉलेज जिले की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाला सिद्ध होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा बैतूल जिले के पुलिस ग्राउंड में आयोजित मेडिका कॉलेज के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन ने यहां पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास सहित 383 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, मैनेजिंग डायरेक्टर आरकेडीएफ सिद्धार्थ कपूर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। केंद्रीय स्वास्थय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के माध्यम से आने वाले समय में गांव-गांव तक अच्छे डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। यहां पोस्ट ग्रेजुएट स्तर तक की चिकित्सा शिक्षा दी जाएगी, जिससे बैतूल को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अग्रणी स्थान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल बीमारों का इलाज करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि लोग बीमार ही न पड़े, यही हमारी साधना है।

### 1 लाख 81 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से समुचित देखभाल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विकेंद्रीकरण पर गंभीरता से काम किया गया है। आज देशभर में 1 लाख 81 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से जच्चा-बच्चा की समुचित देखभाल की जा रही है। उन्होंने बताया कि कई गंभीर बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया है। कुष्ठ रोग से देश को मुक्त किया जा चुका है, ट्रेकोमा अब गंभीर बीमारी नहीं रही और मीजल्स-रूबेला से भी देश को छुटकारा मिल चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन किए हैं। देश में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को 12 प्रकार के जीवन रक्षक टीकों के अंतर्गत 27 डोज लगाए जा रहे हैं। जन्म से लेकर 16 वर्ष की उम्र तक बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता की जा रही है, ताकि एक स्वस्थ बच्चे को स्वस्थ नागरिक बनाया जा सके।

### भारत में मातृ मृत्यु दर में पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय कमी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि भारत में मातृ मृत्यु दर में पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय कमी आई है और यह दर अब वैश्विक स्तर पर काफी बेहतर स्थिति में है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से डायबिटीज, कैंसर और हाईपरटेंशन जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टेली-मानस सेवा के जरिए अब तक 30 लाख से अधिक लोगों को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श का लाभ मिला है। वहीं 40 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग कर उच्च रक्तचाप की जांच की है। इसके तहत 6 करोड़ 80 लाख लोगों को नियमित दवाएं दी जा रही हैं, जबकि 4 करोड़ 60 लाख डायबिटीज मरीजों का इलाज किया जा रहा है। श्री नड्डा ने कहा कि डायबिटीज के कारण हृदय रोग, किडनी फेलियर और आंखों की रोशनी जाने जैसी गंभीर समस्याओं को रोकने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम किया जा रहा है।

### आयुष्मान से मिली गरीबों को बड़ी राहत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 62 करोड़ गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सालाना 5 लाख रुपए तक की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी 5 लाख रुपए प्रतिवर्ष इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने देश में स्वास्थ्य सेवाओं में आए ऐतिहासिक बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए अब तक देशभर में महिलाओं की साढ़े आठ करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें 90 हजार महिलाओं में कैंसर की पुष्टि हुई और उनका इलाज शुरू किया गया है।

### बदलता भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 821 पहुंची

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने बदलते भारत की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में देश में केवल 387 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढक़र 819 हो गए हैं। धार और बैतूल में मेडिकल कॉलेज जुडऩे के बाद यह संख्या 821 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले देश में एमबीबीएस की सीटें 51 हजार थीं, जो अब बढक़र 1 लाख 29 हजार हो चुकी हैं। वहीं पोस्ट ग्रेजुएट सीटें 31 हजार से बढक़र 80 हजार हो गई हैं। उन्होंने ने बताया कि भारत सरकार ने 14 नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश की बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढक़र 33 हो चुके हैं। आने वाले समय में मध्य प्रदेश में 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश के अर्थव्यवस्था बदल रही है, भारत आज चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। आज 300 से ज्यादा मोबाइल फैक्ट्रियां भारत में और मोबाइल पर मेड इन इंडिया लिखा है। भारत की जनता डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर रही है, यह बदलते भारत की पहचान है।

### मेडिकल कॉलेज जनजातीय अंचलों के लिए मील का पत्थर साबित होगा: मंत्री उईके

केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन बैतूल जिले के लिए स्वर्णिम अवसर है। मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन के साथ ही जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो रही है। यह मेडिकल कॉलेज आसपास के जनजातीय अंचलों के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की सौगात देने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के सतत प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण ही जिले को यह बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। इससे स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे और आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के गौरव, भरेवा कला के सुप्रसिद्ध शिल्पकार बलदेव वाघमारे को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को मिली अभूतपूर्व गति: मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि बैतूल जिले को मेडिकल कॉलेज के साथ आज कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मध्यप्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस अवधि में जनकल्याणकारी योजनाओं को अभूतपूर्व गति मिली है। इसी क्रम में भोपाल और इंदौर—दोनों शहरों में मेट्रो ट्रेन का संचालन प्रारंभ होना राज्य के बदलते दौर का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश राज्य के किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। इस परियोजना से उद्योग-धंधों को बढ़ावा मिलेगा तथा बुंदेलखंड क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी जोड़ परियोजना को प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मंजूरी दी गई है। वहीं, ताप्ती नदी से जुड़ा महाराष्ट्र राज्य के साथ लगभग 70 हजार करोड़ रुपये की बड़ी योजना किसानों के हित में तैयार की गई है।

### बैतूल जिले में बनेगा जनजातीय संग्रहालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, महिला, किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आदिवासी अंचल के महान नायको रानी दुर्गावती, राजा भभूत सिंह, शंकर शाह, रघुनाथ शाह और बादल भोई—के सम्मान में संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत न्यास एवं भारत सरकार के सहयोग से बैतूल जिले में भी जनजातीय संग्रहालय बनाने की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया गया है। इससे उद्योग-धंधों को नई गति मिली है और युवाओं, महिलाओं व किसानों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। अब तक साढ़े छह लाख करोड़ रुपये के भूमिपूजन और लोकार्पण किए जा चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर ग्वालियर में दो लाख करोड़ रुपये के नए भूमिपूजन और लोकार्पण प्रस्तावित हैं।

## पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज जिले की बड़ी सौगात बैतूल: विधायक खंडेलवाल

पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन बैतूल जिले के लिए गौरव, सम्मान और ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक है। आजादी के बाद पहली बार जिला स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में इतनी बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। यह दिन बैतूल के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बैतूल एक जनजातीय अंचल है, जहां अब तक गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को भोपाल और नागपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने के बाद अब जिले के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। श्री खंडेलवाल ने कहा कि पीपीपी मोड पर बनने वाला यह मेडिकल कॉलेज गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी सौगात है। आने वाले समय में यहां एक हजार बेड की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि यहां 75 प्रतिशत तक मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी और बड़े से बड़ा उपचार अब बैतूल में ही संभव हो सकेगा।

## सारणी के सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट 660 मेगावाट की नई इकाई के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट, सारणी में 660 मेगावाट की नई इकाई की स्वीकृति से जिले के विकास को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में बैतूल को खेलों के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। आने वाले समय में बैतूल की पहचान प्रदेश और देश में एक प्रमुख खेल केंद्र के रूप में होगी, जहां हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। विधायक श्री खंडेलवाल ने मध्य प्रदेश के पहले ताप्ती कंजर्वेशन फॉरेस्ट की स्थापना के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में लैंड बैंक की तलाश की जा रही है और आगामी पांच वर्षों में बैतूल में विभिन्न प्रकार के उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और जिला विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### किसानों ने जांच कर कार्रवाई किए जाने की अधिकारियों से की मांग

# दोगुने दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

ग्राम सातलदेही में किसानों को प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर यूरिया खाद बेचे जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सातलदेही में लायसेंसधारी खाद डीलर द्वारा सरकारी दर 267 प्रति बोरी में मिलने वाली यूरिया 500 रूपये प्रति बोरी के हिसाब से बेची जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह काम कोई अवैध कारोबारी नहीं, बल्कि स्वयं लाइसेंसधारी खाद डीलर कर रहा है, वह भी अपने निजी निवास से। जिसकी ग्रामीणों ने शिकायतें भी की।

इस मामले को लेकर जब पत्रकार ग्राहक बनकर डीलर के घर पहुंचे, उस समय वह मौजूद नहीं था, लेकिन उसके परिवारजन ने साफ तौर पर यूरिया की कीमत 500 बताई। नकद भुगतान पर बोरी देने की सहमति बनी और घर के पीछे बने गोदाम से खाद उठाने को कहा गया। अंदर जाकर देखा तो वहां लगभग 90 से 125 बोरी यूरिया का बड़ा स्टॉक रखा हुआ था। यह न तो आकस्मिक स्थिति थी और न ही घरेलू जरूरत, बल्कि सुनियोजित व्यावसायिक बिक्री का साफ संकेत था। ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर हमेशा से ही महंगे दामों पर यूरिया बेचता रहा है और किसान मजबूरी में उसकी शर्तों पर खाद खरीदने को विवश रहे हैं। अब मांग उठ रही है कि डीलर के पास अब तक जितना भी स्टॉक आया है, उसका



पूरा मिलान किया जाए और यह जांच की जाए कि पहले किन-किन किसानों को, किस तारीख और किस दर पर यूरिया बेची गई। किसानों के कार्ड, बिक्री रजिस्टर और स्टॉक रजिस्टर की गहन जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि कितनी बार और कितनी मात्रा में नियमों की अनदेखी की गई।

### ओवर रेट पर बेची जा रही खाद, कार्रवाई नहीं

उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफ़सीओ) इस मामले में पूरी तरह स्पष्ट है। लाइसेंसधारी डीलर को निर्धारित एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री की अनुमति नहीं है, न ही निजी घर या अनधिकृत स्थान से खाद बेची जा सकती है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्टॉक जब्ती, लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का प्रावधान है। बावजूद इसके, इतने बड़े स्टॉक और खुलेआम ओवररेट बिक्री के बाद भी स्थानीय स्तर पर कोई त्वरित कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

### सिर्फ कागजों में सस्ती खाद उपलब्ध कराने के दावे

किसानों को सस्ती और समय पर खाद उपलब्ध कराने को लेकर सरकार दावे करती है, लेकिन यह दावे जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल नजर आ रहे है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं यह कह चुके हैं कि यूरिया की ओवररेट बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी। इसके बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि कृषि विभाग की भूमिका इस पूरे मामले में मौन दर्शक जैसी नजर आ रही है। सवाल यह है कि क्या विभागीय निगरानी केवल कागजों तक सीमित रह गई है, या फिर शिकायतों के बावजूद आंखें मूंद लेना ही अब व्यवस्था का हिस्सा बन चुका है?

### मौजूदा स्टॉक की जांच कर कार्रवाई करने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि न केवल मौजूदा स्टॉक को तत्काल जब्त किया जाए, बल्कि पूर्व में हुई सभी बिक्री की भी जांच कराई जाए। एमआरपी से अधिक दर पर यूरिया बेचने के मामले में एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही जिलेभर में खाद विक्रेताओं की विशेष जांच कर किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। यह मामला केवल एक डीलर की मनमानी तक सीमित नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर सवाल है, जिसकी निष्क्रियता के चलते किसान महंगी खाद खरीदने को मजबूर हैं। देखना यह है कि प्रशासन इस खुलासे को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर किसानों की उम्मीदों की तरह दम तोड़ देता है।

#### कार्रवाई की जाएगी

जो दूसरी दुकानों में यूरिया के रेट हैं, वही हमारे यहां है।

- सुरेश यादव, दुकानदार

हम अधिकारियों को भेजकर जांच कराएंगे। अगर ओवर रेट का मामला सामने आता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

-डॉ. आनंद बडोनिया, डीडीए, बैतूल

### सीकर राजस्थान में दूसरी बार सम्मानित हुए मनीष खंडेलवाल

**भौरा।** ग्राम भौरा के जाने माने कलाकार एवं यूटूबर मनीष खंडेलवाल, जो अपने इंस्ट्राग्राम पेज पर 700 से अधिक रील बना चुके है, उनको हाल ही में राजस्थान में हुए किरण ग्लोरी अवॉर्ड शो में सम्मानित किया गया है। राधे मित्र मंडल के अध्यक्ष सन्नी राठौर ने बताया कि मनीष खंडेलवाल द्वारा लगातार अपनी प्रतिभा से लोगों को रील के माध्यम से मनोरंजन किया जा रहा है, वे अपनी रील में भजन, कॉमेडी, इमोशनल, रोमांस सभी प्रकार के प्रयोग करते है। वर्तमान में हजारों लोगों द्वारा उनको इंस्ट्राग्राम पर फॉलो किया जा रहा है। वे अपने दुबई ट्रिप के दौरान भी काफी चर्चाओं में रहे है। उनके द्वारा अपने पेज से शेयर किए जा रहे वीडियो को लाखों लोग देख रहे है। उनके हुनर को लगातार दूसरे वर्ष भी राजस्थान के सीकर में सम्मानित किया गया, जहां पर उन्होंने जूनियर अभिताभ और जूनियर गोविंदा के साथ परफॉर्म किया। छोटे से गांव भौरा से आने वाले मनीष खंडेलवाल पेशे से किराना व्यापारी है।

## आज इटारसी में बिजली मेंटेनेंस के चलते रहेगी बंद

**इटारसी।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 24 दिसंबर बुधवार को मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इसकी सूचना जारी की है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक, पीपल मोहल्ला, ट्रैक्टर स्कीम, बूढ़ी माता, न्यास और ग्रैंड एवेन्यू फीडर से जुड़े क्षेत्रों में। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक गुर्रा और सोनतलाई क्षेत्र। इस दौरान इन उपकेंद्रों से जुड़े सभी घरेलू और कृषि फीडरों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। उपभोक्ता अपने जरूरी काम इस समय से पहले या बाद के लिए प्लान कर लें।

## नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने सत्यापन सूची का किया अवलोकन

**इटारसी।** नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने मंगलवार को शहर के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निर्वाचन आयोग द्वारा गहन पुनरीक्षण के बाद जो अस्थाई मतदाता सूची जारी की है उसका गहन निरीक्षण किया।
इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता यशवंत बकोरिया सोनू, यूनुस पठान, जावेद खान आदि मौजूद रहे। भगत सिंह नगर के मतदान केंद्र 203 एवं 204 जहां करीब 200 मतदाताओं के नाम ड्रॉप रोल में चले गए है इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

### ईमेल पाकिस्तान उदयनिधि योजना का जिक्र आने से मामला हुआ गंभीर

# इटारसी की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने के ईमेल से मचा हड़कंप

देश की महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों में से एक इटारसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की खबर ने फैक्ट्री परिसर एवं जिला पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा दिया। एजेंसियां मामले में जांच कर रही हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश के डिफेंस सेक्टर में बड़ी भूमिका निभाने वाली इटारसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल ने फैक्ट्री प्रबंधन के साथ ही पुलिस प्रशासन की नींद उड़ा दी। सोमवार रात इटारसी की ऑर्डनेंस फैक्ट्री के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था जिसके बाद हड़कंप मच गया। मेल में दावा किया गया है कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के साथ-साथ दक्षिण भारतीय सुपरस्टार रजनीकांत और दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा के आवासों पर तीन आरडीएक्स बम रखे गए हैं। मेल में सख्त चेतावनी दी गई कि फटने से पहले इन जगहों को खाली करा लिया जाए।

### फैक्ट्री की बढ़ाई गई सुरक्षा

ईमेल में बम से फैक्ट्री को उड़ाने की धमकी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पथरौटा, इटारसी, रामपुर और तवानगर थानों की पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। एएसपी अभिषेक राजन और एसपी साईं कृष्णा थोटा खुद सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। वीआईपी दौरों में सीएम और जेपी नड्डा के बैतूल दौरे के कारण स्थानीय डॉग स्क्वाड बाहर था जिसके कारण छिंदवाड़ा से तत्काल ही बम डिस्पोजल स्क्वाड को सूचना भेजी गई।

### पाकिस्तान-उदयनधि कनेक्शन पर जांच

जांच एजेंसियों के लिए इस ईमेल की भाषा और कंटेंट सबसे बड़ा पहेली बना हुआ है। ईमेल में पाकिस्तान-उदयनधि योजना का रहस्यमयी उल्लेख है।

शुरुआती जांच में मेल का सोर्स तमिलनाडु बताया जा रहा है। गौरतलब है कि 17 अप्रैल को भी इसी तरह का एक मेल आया था जो बाद में फेक निकला था। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि क्या यह किसी की शरारत है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है।

**बनता है गोला बारूद**

इटारसी की यह फैक्ट्री भारतीय सेना के लिए रीढ़ की हड्डी मानी जाती है, क्योंकि यहां अत्याधुनिक मिसाइलों, सेना के लिए भारी मात्रा में बम और गोला-बारूद तैयार होता है। इसी संवेदनशीलता के कारण सुरक्षा एजेंसियां कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती।

**मामला दर्ज किया गया है**

यह बहुत गंभीर मामला है इसलिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। साइबर सेल की मदद से ईमेल की जानकारी जुटाई जा रही है। पथरौटा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

**साईकृष्णा एस थोटा,**
**एसपी नर्मदापुरम**

## परशुराम कप: दो मुकाबलों के साथ क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गांधी मैदान पर मंगलवार से परशुराम कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 14 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर जिला सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र ओझा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।टूर्नामेंट के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए।

पहला मुकाबला परशुराम सेना जूनियर और सर्व ब्राह्मण समाज संगीत इलेवन के बीच खेला गया। परशुराम सेना जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 52 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्व ब्राह्मण समाज संगीत इलेवन ने मात्र 2 विकेट खोकर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में आदित्य दीक्षित ने नाबाद 21 रन बनाकर मैन आफ द मैच का खिताब प्राप्त किया।

द्वितीय मुकाबला सर्व ब्राह्मण समाज पुरानी इटारसी एवं सर्व ब्राह्मण समाज रेल प्रकोष्ठ के बीच खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरानी इटारसी की टीम ने 8 ओवर में 70 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रेल प्रकोष्ठ की टीम ने 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया। विजयी टीम की ओर से अमर गिरी ने 23 रन, मप्र रणजी महिला खिलाड़ी अनन्या दुबे ने 15 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। कमेंटेटर राकेश पाण्डेय, अंपायर अभिनव शर्मा एवं विवेक रहे।

आयोजन के दौरान नगर सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक शर्मा, दिनेश उपाध्याय, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष प्रकाश दुबे, नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा, संतोष चतुर्वेदी, सुरेंद्र शर्मा, राकेश दुबे, विनोद शर्मा, आदित्य दीक्षित, आदेश दुबे, अंश शर्मा, विराट दुबे, विकास दुबे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक युवा उपस्थित रहे।

## समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सोहागपुर क्षेत्र में व्याप्त विविध समस्याओं व किसानों से संबंधित मांगों को लेकर मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एक ज्ञापन एसडीएम के नाम सौंपा है। कांग्रेसियों ने समस्याओं के निराकरण की मांग अधिकारी से की है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि क्षेत्र में गेहूं की फसल की बोवनी लगभग एक माह पूर्व हो चुकी है। किसानों को समय पर खाद, डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे फसल के नुकसान की स्थिति बनने लगी है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि किसानों की जरूरत के अनुरूप खाद, डीएपी तथा यूरिया की व्यवस्था जल्द की जाए। वहीं ज्ञापन में धान विक्रय के लिए स्लॉट बुक करने में किसानों को हो रही तकनीकी समस्याओं के निराकरण की भी व्यवस्था तत्काल बनाई जाए, ताकि किसान परेशान ना हों। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रेत रॉयल्टी की रसीद काटकर वसूली की जा रही है। किसके आदेश पर यह सब अवैध कार्य संपन्न हो रहे हैं, इसकी जांच की जाए। मांग की है कि जांच दल गठित कर अवैध रेट रॉयल्टी वसूली की कार्रवाई को बंद किया जाए।

## कुसुम मालपानी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास राधाकृष्ण महाराज ने किया श्रीमती कुसुम मालपानी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय कुसुम मालपानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य कक्ष में कुसुम मालपानी की प्रतिमा का अनावरण अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास गोवत्स राधाकृष्ण महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं विजय मालपानी, प्रदीप मालपानी एवं मालपानी परिवार विशेष रूप से उपस्थित था।

पूज्य महाराज राधाकृष्ण जी ने अपने संबोधन में कहा कि जो व्यक्ति और परिवार शिक्षा दान के महायज्ञ में कार्य करते हैं और उसमें भी कन्या शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हैं उनके परिवार और वह स्वयं भवसागर पार हो जाते हैं। पूज्य राधा कृष्ण महाराज ने कहा कि मैं भारत के कई प्रान्तों में जाता हू। दुनिया के कई देशों में भी जाता हुं। परंतु उन्हें



इटारसी में आकर अद्भुत आनंद की प्राप्ति हुई है। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में अच्छे लोगों की बहुत कमी है और डॉक्टर सीतासरन शर्मा जैसे लोग यदि राजनीति में रहेंगे तो राजनीति शुद्ध रहेगीम वरना भगवान मालिक है। उन्होंने डॉ शर्मा और मालपानी परिवार द्वारा कुसुम मालपानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण एवं संचालन में सहयोग दिए जाने हेतु प्रसन्नता व्यक्त की। पूज्य महाराज ने कहा कि पुत्री पवित्र किये कुल दोउ। राजा जनक ने यह बात सीता जी को कही थी की पुत्री किसी भी परिवेश में होम किसी भी परिवार में हो। परंतु वह दो कुलों को पवित्र करती है।

महाराज जी ने कहा कि कुसुम मालपानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है इसके लिए उन्होंने प्रबंधन को बधाई दी। प्रारंभ में श्री द्वारकाधीश राम जानकी मंदिर समिति एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ शर्मा ने कुसुम मालपानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के संबंध में कहा कि जब वे 2006 में विधायक थे तब इटारसी में गर्ल्स एजुकेशन की बड़ी समस्या थी और जब उन्होंने यह प्रस्ताव मालपानी परिवार को दिया तब मालपानी परिवार के विजय मालपानी ने स्कूल भवन बनाने की स्वीकृति दी। एवं आर्थिक सहयोग भी दिया। पूज्य महाराज जी को स्मृति चिन्ह डॉ शर्मा एवं प्रदीप मालपानी ने भेंट किया। आभार प्रदर्शन स्वर्गीय श्रीमती कुसुम मालपानी के पति वरिष्ठ समाजसेवी विजय मालपानी दिल्ली ने व्यक्त किया और कहा कि प्रतिमा अनावरण के लिए पूज्य महाराज जी ने समय दिया हम आभारी हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति एवं बड़ी मात्रा में उपस्थित छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

प्रारंभ में पूज्य महाराज जी का पुष्पहारों से स्वागत डॉक्टर सीतासरन शर्मा, प्रदीप मालपानी, हिंदी विभाग के प्राचार्य हरीश मालवीय एवं अंग्रेजी विभाग की प्राचार्य रोहिणी मजूमदार ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन समिति के सचिव प्रमोद पगारे ने किया एवं कुसुम मालपानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की विकास यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## ग्रीन पॉइंट मॉन्टेसरी एंड स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शनिवार को ग्रीन पॉइंट मॉन्टेसरी एंड स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाने माने कवि एवं कथाकार अशोक जमनानी उपस्थित हुए। जिन्होंने विद्यालय के संचालक रितेश शर्मा एवं नमिता शर्मा को बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब विद्यालय में बच्चे ज़्यादा भर लिए जाते हैं तो बच्चों का मार्गदर्शन एवं शिक्षा में गुणवत्ता पर असर पड़ता है। विद्यालय के बच्चों द्वारा ऐंकरिंग के दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा पर ज़बरदस्त पकड़ की उन्होंने जमकर सराहना की। वार्षिकोत्सव की थीम शेड्स ऑफ टैलेंट के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गया। राजस्थानी कालबेलिया, मिज़ोरम का बंबू डांस, दक्षिण से



लिया गया वाराह अवतार पर प्रस्तुति, श्री कृष्ण का अर्जुन को दिया गया गीता ज्ञान भी नृत्य द्वारा दर्शाया गया। विद्यालय के थिएटर क्लब द्वारा बाल मुनि अष्टावक्र के धर्म और ज्ञान के शास्त्रार्थ पर आधारित नाटक अष्टावक्र द चाइल्ड सेज की शानदार प्रस्तुति देख दर्शकों की दांतों तले उंगलियां दबा ली। कार्यक्रम की भव्य सफलता पर अभिभावकों ने प्रधानाचार्य वाटी ज़मीर, नागालैंड से उनके साथ कार्यरत 5 शिक्षकों की टीम, सभी शिक्षकों की मेहनत की सराहना की।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम अवसर, 22 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार, इटारसी तहसील में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के तहत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के 4081 मतदाता, जिनके नाम दस्तावेज सत्यापन की कमी के कारण ड्रॉप रोल में चले गए हैं, उन्हें अपना नाम 22 जनवरी 2026 तक वापस मुख्य सूची में जुड़वाने का अंतिम अवसर दिया गया है। वे मतदाता जिनके नाम वर्ष 2003 की पहचान प्रक्रिया अधूरी रहने के कारण ड्राफ्ट/ड्रॉप रोल में डाल दिए गए थे। उन मतदाताओं को एक घोषणा पत्र भरकर, उसके साथ मान्य 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लगाकर अपने वार्ड के बीएलओ के पास जमा करना होगा। तहसीलदार सुनीता साहनी ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

छूटे हुए मतदाता समय सीमा के भीतर अपने दस्तावेज सत्यापित कराकर अपनी नागरिकता और मतदाता होने की पात्रता सुनिश्चित करें।

## एक नागरिक एक गाय की सेवा करें तो गाय को कभी कचरा पॉलीथिन नहीं खाना पड़ेगा: पूज्य राधाकृष्ण जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हिंदू समाज को गुटका, पान, व्यसन की चीज छोड़कर उतना खर्च गोवंश पर करना चाहिए, जिससे गोवंश की अच्छी सेवा हो सकती है। अगर शहर का हर एक नागरिक एक गौ माता की सेवा का संकल्प ले ले तो गौ माता को कभी भी कचरा एवं पॉलिथीन नहीं खाना पड़ेगा।

गावो विश्वस्य मातरः अर्थात गौमाता सारे विश्व की माता है, हम पैर पढ़कर हाथ तो जोड़ लेते हैं लेकिन गौमाता की स्थिति देखकर मुंह भी मोड़ लेते हैं, जिसके कारण आज हमारे देश में गौ वंश की दुर्दशा हैं। उक्त उद्गार धार्मिक नगरी इटारसी में जोधपुर से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास गोवत्स श्री राधा कृष्ण जी महाराज ने व्यासपीठ से अपने श्रीमुख से नानी बाई रो मायरो की कथा के द्वितीय दिवस पर व्यक्त किए। यजमान मालपानी परिवार द्वारा संगीतमय नानी बाई रो मायरो की कथा का आयोजन मालपानी परिसर में किया गया है।





द्वितीय दिवस की कथा में महाराज श्री ने नरसी भगवान की कथा को विस्तार दिया। व्यासपीठ से धार्मिकजनों को संबोधित करते हुए महाराज श्री ने कहा कि तुलसी जी का संबंध प्रेम से है इसलिए हर घर में तुलसी अवश्य होनी चाहिए। आज का युग ऐसा है जहां अगर आपके सहयोग और सुझाव की आवश्यकता नहीं है वहां सब पहुंच जाते हैं। ओर जहां वास्तविकता में सहयोग की आवश्यकता होती है वहां कोई नहीं पहुंचता। कथा में कार्यक्रम का संचालन विजय राठी ने किया। दूसरे दिन की कथा में व्यासपीठ पर विराजित महाराज श्री का विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया, एसडीएम नीलेश शर्मा, यजमान परिवार के ऊषा राजकुमार मालपानी, कंचन मांगीलाल मालपानी, वाराणसी से कंचन निर्मल जी, जयपुर से सरिता अनिल जी, दिल्ली से संजू राजेंद्र जी, नाइजीरिया से गोविंद मेहता, रेखा अनिल राठी, सुमन संजय गोठी, शैलेश अग्रवाल, आरती विजय राठी, रविकिशोर जायसवाल सहित अन्य धार्मिक जनों ने आरती एवं स्वागत किया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता मालपानी परिसर पहुंच रही है। आज बुधवार को कथा का तीसरा एवं विश्राम दिवस है।

## जीनियस प्लानेट स्कूल में ऊर्जा स्पिरिट का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव ऊर्जा स्पिरिट 2025 का समापन हुआ। खेल भावना और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के अंत में अनुशासन और खेल प्रदर्शन के आधार पर प्लेटिनम हाउस को विजेता हाउस घोषित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष पंकज चौरे, डॉ. नीरज जैन, कन्हैया गोस्वामी नगर कांग्रेस अध्यक्ष, सभापति राकेश जाधव, बार एसोसिएशन सचिव पारस जैन, स्कूल डायरेक्टर मो. जाफर सिद्दीकी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से विभिन्न खेल गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### ग्राम पंचायत मलोथर की नई पहल, शौचालयों सफाई के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

# वॉश ऑन व्हील के तहत स्वच्छता मित्र को मिली आधुनिक किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामीण स्वच्छता को आधुनिक और सुलभ बनाने के लिए एक अभिनव पहल वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस नवाचार के तहत विकासखंड केसला की ग्राम पंचायत मलोथर का चयन किया गया है, जहां ग्राम के ही निवासी विजय लोट को स्वच्छता मित्र के रूप में नियुक्त किया गया है।

**हाईटेक होगी शौचालयों की सफाई:** 22 दिसंबर 2025 को जनपद पंचायत केसला में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मलोथर के स्वच्छता मित्र विजय लोट को सफाई के लिए आधुनिक मशीनरी और सुरक्षा उपकरण प्रदान किए गए। इस किट की कुल लागत 20,900 रुपए है।

**किट में शामिल मुख्य सामग्री:** शौचालय की गहराई से सफाई हेतु प्रेशर



मशीन। सुरक्षा के लिए हैंड ग्लव्स, जूते और विशेष पोशाक।सफाई के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ब्रश और आवश्यक उपकरण।

**एप के माध्यम से घर बैठे मिलेगी सेवा:** अब ग्रामवासी अपने शौचालयों की सफाई के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वॉश ऑन व्हील एप के माध्यम से स्वच्छता मित्र से संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए सरकार द्वारा शुल्क भी निर्धारित किया गया है।

### मलोथर के लिए क्यों खास है यह पहल

यह कदम न केवल गांव में स्वच्छता के स्तर को ऊंचा उठाएगा, बल्कि स्वच्छता मित्रों को रोजगार और आधुनिक संसाधन भी प्रदान करेगा। एप के माध्यम से निगरानी होने से काम में पारदर्शिता आएगी और ग्रामीणों को बहुत ही कम शुल्क पर पेशेवर सफाई सेवा मिल सकेगी। किट वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत केसला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमन खातरकर, जनपद अध्यक्ष गंगाराम कलमे, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक नितिन मालवीय और मलोथर ग्राम पंचायत के सचिव मनीष राजपूत उपस्थित रहे।

**व्यक्तिगत शौचालय** : 50 रुपए प्रति सीट। **सामुदायिक शौचालय** : 200 प्रति सीट।

**इनका कहना है...**

यह ग्रामवासियों के लिए स्वच्छता के क्षेत्र में एक बड़ा नवाचार है। पूरे विकासखंड केसला में केवल दो पंचायतों सेमरी खुर्द एवं मलोथर को इस विशेष किट के लिए चयनित किया गया है, जो मलोथर के लिए गौरव की बात है।

**श्रीमती सुमन खातरकर,**
**सीईओ जनपद पंचायत**

## मिनी गोल्फ में नर्मदापुरम के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देवास में आयोजित चौथी राज्य सब-जूनियर एवं जूनियर मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में नर्मदापुरम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने खिलाड़ियों के घर पहुंचकर उनका स्वागत किया और कहा कि क्षेत्र के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। अशोक साहू साहू समाज प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ता रुझान क्षेत्र के लिए सुखद संकेत है।

हर्षिता चौरे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने क्षेत्र में मिनी गोल्फ कोर्ट की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि खिलाड़ी और बेहतर अभ्यास कर सकें। प्रदेश सचिव कौशल शिवहरे सहित नागरिको ने खिलाडियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

**// इश्तहार प्रकाशन सूचना //**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की स्टेडियम नीलाम दुकान 15 जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री मुकेश गांधी/भगवान दास गांधी के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री मनीष साहू /रमेश साहू के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कायार्लीन समय में15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् इटारसी**

## कर्मचारियों को हर माह की 1 से 10 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से वेतन का भुगतान करने की मांग

# नपा कर्मचारियों ने दो माह से वेतन नहीं मिलने पर जताया आक्रोश, सीएमओ को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नगर पालिका के कर्मचारियों ने दो माह से वेतन नहीं मिलने पर आक्रोश जताया है। सोमवार को जमना जैसानी फाउंडेशन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि सभी कर्मचारियों को हर माह की 1 से 10 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से वेतन का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि नवंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने के कारण वे बैंक लोन की किश्तें, बच्चों की स्कूल फीस और घरेलू खर्चों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। लगातार देरी से वेतन मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। मजदूर नेता अनिल वैद्य ने कहा कि कर्मचारी पूरी निष्ठा से समय पर कार्यालय पहुंचकर अपना कार्य कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है।

यह शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन है। शासन के निर्देशों के अनुसार कर्मचारियों का वेतन हर माह की पहली तारीख को अनिवार्य रूप से दिया जाना चाहिए। जमना जैसानी फाउंडेशन के शांति कुमार जैसानी ने सवाल उठाया कि पास की टिमरनी नगर पालिका में कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है, तो हरदा में ऐसी स्थिति क्यों बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी निर्धारित 8 घंटे से अधिक समय तक काम करते हैं, इसके बावजूद उनका वेतन कम है और भुगतान में देरी से जीवन-यापन कठिन हो गया है।



### उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी माह से उन्हें समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। दूसरी ओर नगर पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार का कहना है कि कर्मचारियों को हर महीने समय पर वेतन दिया जाता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका को कर्मचारियों के वेतन के लिए हर महीने करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की आवश्यकता होती है। इसमें से 70 लाख रुपए चुंगी के रूप में शासन स्तर से प्राप्त होते हैं, शेष राशि कर वसूली से जुटानी पड़ती है। सीएमओ पाटीदार ने बताया कि कर्मचारियों को एसआईआर सर्वे में ड्यूटी पर लगाया गया था, जिसके कारण कर वसूली नहीं हो पाई। नगर पालिका पर करोड़ों रुपए का कर बकाया है। यदि कर्मचारी कर वसूली में सहयोग करेंगे, तो उन्हें समय पर वेतन का भुगतान किया जाएगा। कर्मचारियों का वेतन हर माह 1 से 10 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से दिया जाए। पिछले 4 माह से वेतन 15 तारीख के बाद दिया जा रहा है, जो बंद किया जाए। नवंबर माह का वेतन 22 दिसंबर 2025 तक भी भुगतान नहीं किया गया है, इसे तुरंत दिया जाए। समय पर वेतन न मिलने से पर्सनल लोन, होम लोन सहित अन्य ऋणों की किश्तें नहीं चुक पा रही हैं। किश्तें समय पर न भर पाने से कर्मचारियों का सिविल स्कोर खराब हो गया है। कर्मचारियों के पीएफ खातों में नियमित राशि जमा नहीं की जा रही है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम छिदगांव निवासी रामभरोस ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम गांगला से हंडिया रोड़ निर्माण कार्य के तहत अपनी भूमि के लिये मुआवजे की मांग की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

ग्राम पिड़गांव निवासी शाांताबाई व ग्राम रायबोर निवासी मांगीलाल कीर ने जनसुनवाई में आवेदन देकर अधिक बिल आने की समस्या बताई, जिस पर महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम गांगला के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर सोयाबीन फसल की क्षतिपूर्ति राशि न मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को प्रकरण की जांच कर आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम कनारदा निवासी द्वारकाबाई ने अपनी कृषि भूमि बंधक मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

# सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शिविर लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना, जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना, प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करना है। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत मंगलवार को जिले की ग्राम पंचायत पिड़गांव, झालवा, जिजगांवखुर्द, कचबैड़ी, कड़ोला उबारी, नगांवामाल, पटाल्दा, ढोलगांवकला, जामन्याखुर्द, कड़ोला राघो, धौलपुरकला, गुल्लास, कचनार, छिदगांवतमोली, दूधकच्छ व कायरी में विशेष शिविर आयोजित किये गये। शिविर के दौरान ग्रामीणों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

# खाद्य सुरक्षा दल ने विद्यार्थियों को सिखाए खाद्य पदार्थ में मिलावट जांचने के तरीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में शुद्धता सुनिश्चित करने और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन क्रमांक एमपी 02 एव्ही 7718 के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोडलपुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध, मावा, मिठाई, मसाले और घी में होने वाली संभावित मिलावट के बारे में विस्तार से बताया तथा मौके पर ही इन पदार्थों की शुद्धता जाँचने के सरल और प्राथमिक तरीके बताए। इस दौरान सभी को अपने दैनिक आहार में कम नमक, कम शक्कर और कम तेल का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर, सहायक ब्रजेश पटेल, विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार दुबे सहित शिक्षक स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मंडी सचिव ने की कार्रवाई, मंडी टैक्स भी वसूला

# किराना दुकानों व जनरल स्टोर्स पर लगे तौल कांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

आदिवासी अंचल में किराना दुकानों एवं जनरल स्टोर्स पर लगे तौल-काँटों से कृषि-उपज के अवैध कारोबार में आदिवासियों का शोषण और मंडी टैक्स की चोरी हो रही है। लेकिन झिरन्या उपमंडी में पर्याप्त कर्मी एवं संसाधन नहीं है। फलस्वरूप कृषि उपज मंडी भीकनगांव की सचिव रचना टिकेकर पिछले दिनों अंचल में पहुंची थीं। उन्होंने ऐसे ही 8 तथाकथित-व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उनसे मंडी टैक्स भी वसूला है।

जानकारी के अनुसार मंडी सचिव टिकेकर और सहायक उप निरीक्षक भागीरथ पगारे ने 8 किराना दुकानों एवं जनरल-कटलरी स्टोर्स का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने इन तथाकथित अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई की और उनसे 48,411 रुपए का मंडी-टैक्स वसूले गए हैं। इनके द्वारा वर्षों से उक्त अवैध-व्यापार कर आदिवासियों का शोषण और प्रति माह लाखों की मंडी-टैक्स की चोरी कर रहें हैं।



### 8 स्थानों पर कार्रवाई कर, मचा हडकंप

मंडी सचिव टिकेकर और सहायक उप निरीक्षक पगारे ने जब चिरिया में कार्रवाई की तो वहां हड़कंप मच गया। उन्होंने देखा कि रसीद खान की किराना और जनरल-कटलरी स्टोर्स पर तौल-काँटा लगा था और वहां बेखौफ कृषि-उपज की खरीदी-बिक्री की जा रही थी। जहां 50 क्विंटल मक्का और 10 क्विंटल पाए जाने पर 8240 रुपए मंडी-टैक्स वसूला गया। इसी तरह चिरिया के पवन अग्रवाल 3497 रु, पीयूष अग्रवाल 6972 रु, आशीष अग्रवाल 6998 रु,हरी राठौर 7570 रु, पंकज भावसार भी कार्रवाई की जड़ में आ गए और उनसे भी पांच गुना अर्थ दंड वसूला गया है। जबकि दामखेड़ा में विक्रम वास्कले की किराना दुकान पर 20 क्विंटल गेहूं एवं 40 क्विंटल मक्का मिलने से उनसे 7720 रुपए वसूले गए हैं। ग्राम तिनस्या में राकेश जायसवाल तिनस्या की किराना दुकान का भी निरीक्षण किया गया। वहां 15 क्विंटल गेहूं और 20 क्विंटल मक्का खरीदा गया था। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई कर,उनसे भी र3730 रुपए मंडी-शुल्क वसूला गया है।

### इनका कहना है...

उपमंडी झिरन्या का क्षेत्रफल काफी बड़ा है और पहाड़ी एवं पहुँच-विहीन क्षेत्र होने से उनके विरुद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पाती है। लेकिन भविष्य में किराना दुकानों और जनरल स्टोर्स एवं अवैध-व्यापार के विरुद्ध नियमित रूप से कार्रवाई की जावेगी।

**रचना टिकेकर, सचिव, कृषि उपज मंडी भीकनगांव**

# हरदा जिले के 400 खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सांसदीय क्षेत्र बैतूल जिले में रविवार को आयोजित सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के 400 खिलाड़ी एवं 30 खेल कोच ने प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले का नाम रौशन किया। जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में हरदा विधान सभा से श्री जम्भेश्वर युवा मंडल नीमगांव रस्साकसी पुरुष वर्ग प्रथम स्थान, फुटबॉल बालिका वर्ग प्रथम स्थान, खो खो बालिका प्रथम स्थान, टिमरनी से कबड्डी बालिका वर्ग प्रथम स्थान व खो खो बालिका वर्ग द्वितीय स्थान, हरदा हाकी फिडर सेंटर द्वितीय स्थान बालक वर्ग, हरदा क्रिकेट द्वितीय स्थान बालक वर्ग ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार कुश्ती पुरुष वर्ग मध्य प्रदेश केशरी का खिताब जीत चुके देवेंद्र विश्नोई ने 89 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान हरदा, राहुल विश्नोई 85 किलोग्राम में प्रथम स्थान, अजरूद्दीन खान ने 75 किग्रा में प्रथम स्थान, फैजान खान 65 किग्रा में द्वितीय स्थान, बालिका पहलवान वेदिका विश्नोई 56 किग्रा में प्रथम स्थान, वंशिका विश्नोई 56 किग्रा में द्वितीय स्थान, टिमरनी के प्रशांत भलावी योगासन में प्रथम स्थान, 100 मीटर दौड़ में टिमरनी की निशा टेकाम प्रथम स्थान, बैडमिंटन बालक वर्ग सिंगल्स में बाज सिंह खालसा प्रथम स्थान एवं डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में भूपेंद्र मालवीय ओर विकास तिवारी की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

इस पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, एसपी शशांक, जिला अध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, नगर परिषद टिमरनी अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल सहित सभी जनप्रतिनिधियों व खेल प्रेमियों ने विजेता उपविजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को जिले का नाम रोशन करने हेतु शुभकामनाएं दीं।

# सुशासन दिवस पर आज दिलाई जाएगी शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। बुधवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को 24 दिसम्बर को अपने-अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ लेने के निर्देश दिये हैं।

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जागरुकता रथ रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष जागरूकता रथ तैयार कराया गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जिले भर में महिलाओं का सशक्तिकरण करना, बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण और उन्हें उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक करना है। यह रथ गांव-गांव जाकर लोगों को महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित



**हरदा।** आगामी 1 जनवरी की अर्हता तिथि के मान से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षणझ2026 की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार संशोधित कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता नामावली का प्रकाशन 23 दिसंबर मंगलवार को किया गया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में प्रारूप मतदाता नामावलीके संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची की सीडी एवं हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई।

कलेक्टर ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों एवं सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही मतदान केंद्रों की सूची का भी जिला एवं ईआरओ स्तर पर प्रकाशन किया गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाए जाने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता नामावली पर 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्रारूप प्रकाशन के बाद छूटे हुए मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस जारी किए जाएंगे। दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक संबंधित ईआरओ/एईआरओ द्वारा तहसील कार्यालयों में की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा फॉर्म-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। अन्य स्थानों से आए मतदाता भी नए मतदान केंद्र के अनुसार नाम दर्ज करा सकेंगे। हरदा जिले से बाहर से शिफ्ट होकर आए अथवा जिले के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित मतदाता फॉर्म-8 के जरिए नाम वर्तमान निवास स्थान की मतदाता सूची में स्थानांतरित करा सकेंगे।

## सुशासन पर आधारित कार्यशाला आयोजित, कार्यक्रम में अतिथियों ने रखे अपने विचार

# पारदर्शी, उत्तरदायी व सभी के लिए समान कानून व्यवस्था ही सुशासनः तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मंगलवार को जिला मुख्यालय पर सुशासन पर आधारित परिचर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं पूर्व अपर आयुक्त नर्मदापुरम संभाग आशकृत तिवारी थे। कार्यशाला में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासकीय व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता, जनता के प्रति उत्तरदायित्व, सभी के लिये समान कानून के साथ सेवाएं उपलब्ध कराना ही सुशासन है। सुशासन को सफल बनाने के लिये हम सबकी जवाबदारी है कि नागरिक सेवाएं पूरे उत्तरदायित्व के साथ समय पर मिले। उन्होने कहा कि सुशासन की दिशा में जिले में उल्लेखनीय नवाचार किये गये हैं। विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा है कि आगे भी इस तरह का कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि पारदर्शिता, उत्तरदायी व्यवस्था एवं समय पर कार्य करने की जिम्मेदारी के साथ हम सबको जनता के प्रति संवेदनशील रहना भी जरूरी है। शासकीय सेवा में हमें आम जन के कार्य और पुण्य करने का साथ-साथ अवसर मिलता है। हमें इस सुअवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। हमारी चेतना में जनसेवा की भावना हो। आमजन के प्रति हमारा कार्य करूणा से भरा हो। हमारे मन में हमेशा यह भाव रहे कि जब शासकीय व्यवस्था में हमारा कोई काम आता है तो हम किस तरह की सेवाएं चाहते हैं, उसी तरह की तत्पर सेवाएं हम आमजन के लिये उपलब्ध कराएं।

कार्यशाला में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राध्यापक अनिल मिश्रा ने प्रशासकीय कार्य पालिका के उत्तरदायित्व, आचरण की समाधानपूर्वक रक्षा करना एवं राम राज्य से सुशासन व्यवस्था का प्रादुर्भाव विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। इस दौरान जिले के प्रमुख नवाचारों जैविक खेती (लोक सेवा वितरण), बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव (स्वास्थ्य) एवं मिशन कोड शक्ति (शिक्षा) पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। अंत में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने ने जिले में उक्त नवाचारों के अलावा विगत 5 वर्षों में की गई सुशासन की पहल की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्षों में जिले में स्वच्छता अभियान, दंत शक्ति अभियान, हृदय अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ-कीर्ति कार्ड, किताब घर, ग्राम चौपाल एवं ई-ऑफिस जैसे नवाचारों पर काम किया गया है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रश्न सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें समस्त सहभागियों ने परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष साकल्ले द्वारा किया गया। आभार जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने ने व्यक्त किया।